श्याम तेरे खाटू में आजीवन कारावास

ऐसा गुनाह करा की मुकदमा आये तेरे पास हो
साँवरिया तेरे खाटू में आजीवन कारावास हो

छोड़ तेरे मंदिर की सीमा बहार निकल सकूँ ना
कमरा ऐसा फिक्स करा दे,कमरा बदल सकूँ ना
इतना करना कमरा मेरा बिलकुल मंदिर के पास हो
साँवरिया तेरे खाटू में आजीवन कारावास हो

मेरे गुनाहों में साँवरिया परिवार मेरा शामिल हो
दया नहीं करना उनको भी यही सजा हासिल हो
भाग ना जाए सबके ऊपर निगरानी तेरी ख़ास हो
साँवरिया तेरे खाटू में आजीवन कारावास हो

रोज पड़े तेरे मंदिर में तेरे सामने पेशी
मुझको देख दया आ जाये हालत हो जाए ऐसी
इक दिन कैदी से बन जाऊं मैं श्याम का दास हो
साँवरिया तेरे खाटू में आजीवन कारावास हो

काम काज और चाल चलन से जिस दिन मिले रिहाई
बनवारी दरबार से जब तू देने लगे बिदाई
खाटू से निकलने से पहले निकले मेरे सांस हो
साँवरिया तेरे खाटू में आजीवन कारावास हो

ऐसा गुनाह करा की मुकदमा आये तेरे पास हो
साँवरिया तेरे खाटू में आजीवन कारावास हो

संपर्क - +919830608619

स्वर : सौरभ मधुकर

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/929/title/shyam-tere-khatu-me-aajiwan-karawas-with-lyrics-by-saurabh-madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |